# प्रतिदर्श प्रश्नपत्र
## 2024
## कक्षा–12
## हिन्दी

समय– 3 घण्टे                                                                 पूर्णांक– 80

निर्देशः(i) इस प्रश्न–पत्र के दो खण्ड "अ" और "ब" हैं। दोनों खण्डों में पूछे गए सभी प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। प्रश्नों के उत्तर यथासम्भव क्रमवार दीजिए।

(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

**खण्ड– "अ"**

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

संसार को परिभाषित करना बहुत मुश्किल काम है। महाद्वीपों, द्वीपों, महासागरों, पर्वतों, मैदानों, सर–सरिताओं आदि का समेकित नाम ही संसार नहीं है। कुछ विद्वान संसार की परिभाषा को निरूपित करने के लिए उक्त भौगोलिक व प्राकृतिक दृश्य–प्रपंचों को ही स्वीकार करते हैं, जो उनकी बहुत बड़ी भूल है। संसार तब बनता है, जब हम उनके प्राकृतिक उपादानों के गुण–अवगुणों को पहचान कर उन्हें जीवनोपयोगी बनाते हैं, उनका समुचित दोहन करते हैं और उनके साथ अपने मित्रतापूर्ण संबंध स्थापित कर लेते हैं।

संसार में "तुम और मैं" पदबंध भी बहुत बड़ा काम करता है। वास्तव में, संसार इसी पदबंध के सहारे चलता है। एक–दूसरे का ख्याल रखने वाले व्यक्ति ही संसार को परिपूर्णता प्रदान करते हैं। तुम प्रकृति का कोई उपादान भी हो सकता है, और कोई प्राणी भी। प्रकृति की ओर से परिकल्पित एवं सुगठित संसार के मूल रूप की रक्षा के लिए हमें कृतसंकल्प होना है। इसके निमित्त हमें–माता, भूमिः पुत्रोऽहम् पृथिव्याः प्रकथन का अर्थानुसंधान करते हुए प्रत्येक प्राकृतिक उपादान, प्रत्येक पशु –पक्षी एवं प्रत्येक मानव का ध्यान रखना होगा।

(क) प्राकृतिक उपादानों के गुण–अवगुणों को पहचान कर उन्हे जीवनोपयोगी बनाते हैं तब उसे संसार कहते हैं। –                    सत्य/असत्य                    1

(ख) एक दूसरे का ख्याल रखने वाले व्यक्ति ही .............. को परिपूर्णता प्रदान करते हैं।– 1

(ग) संसार असली अर्थो में, संसार कब बनता है?                    2

(घ) "तुम और मैं" पदबंध का अर्थ बताइए।                    2

(ड.) अर्थानुसंधान का अर्थ बताते हुए इस गद्यांश के लेखक के विचार की ओर संकेत कीजिए। 2

(च) उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए।                    2

2. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 200 शब्दों में निबंध लिखिए– 8

(क) भारतः डिजिटलीकरण की ओर

(ख) राष्ट्र के प्रति हमारा दायित्व

(ग) नारी का आधुनिक समाज में स्थान

(घ) उत्तराखण्ड में पर्यटन की संभावनाएँ

3.1.निम्नलिखत प्रश्नखण्डों के सही उत्तर–विकल्प अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिए–1X5=5

(क) निम्नलिखत में एक पत्रिका है–

(i) अमर उजाला

(ii) दैनिक जागरण

(iii) इण्डिया टूडे

(iv) हिन्दुस्तान

(ख) कौन–सा संचार माध्यम श्रव्य–दृश्य माध्यम है?

(i) रेडियो

(ii) टेलीविजन

(iii) समाचार पत्र

(iv) पत्रिकाएँ

(ग) खोजी पत्रकारिता के अंतर्गत आते हैं–

(i) सनसनीखेज, उत्तेजक समाचार

(ii) मनोरंजक समाचार

(iii) मौलिक शोध एवं छानबीन के समाचार

(iv) समस्या सम्बंधित समाचार

(घ) जनसंचार का मुद्रित माध्यम किनके लिए किसी काम का नहीं है?

(i) निरक्षरों के लिए

(ii) साक्षरों के लिए

(iii) मूकवधिरों के लिए

(iv) उपाधि धारकों के लिए

(ड.) अखबार की अपनी आवाज किसे कहा जाता है?

(i) फोटो पत्रकारिता

(ii) विज्ञापन

(iii) संपादकीय

(iv) घटनाओं का वर्णन

3.2 “लोकतन्त्र और युवा पीढ़ी का योगदान” विषय पर लगभग 150 शब्दों में एक आलेख लिखिए।– 5

अथवा

“विद्यालय का वार्षिकोत्सव” पर लगभग 150 शब्दों में एक रिपोर्ट तैयार कीजिए।

4. निम्नलिखित काव्यांशों में से किसी एक पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

(i) कविता एक खिलना है फूलों के बहाने
कविता का खिलना भला फूल क्या जाने।
बाहर भीतर
इस घर, उस घर
बिना मुरझाए महकने के माने
फूल क्या जाने?
कविता एक खेल है बच्चों के बहाने
बाहर भीतर
यह घर, वह घर
सब घर एक कर देने के माने
बच्चा ही जाने।

(क) कविता की तुलना किससे की गई है और किस रूप में?– 2
(ख) सब घर एक कर देने का क्या अभिप्राय है?– 2
(ग) पद्यांश के कवि.................. है। – 1

(ii)किसबी, किसान–कुल, बनिक, भिखारी, भाट,
चकर, चपल नट, चोर, चार, चेटकी।
पेटको पढ़त, गुन गढ़त, चढ़त गिरि,
अटत गहन–गन अहन अखेट की।।
ऊँचे–नीचे करम, धरम–अधरम करि,
पेट ही को पचत, बेचत बेटा–बेटकी।
तुलसी बुझाई एक राम घनस्याम ही तें,
आगि बड़वागितें बड़ी है आगि पेटकी।।

(क)किस आग से पेट की आग बड़ी है?– 2
(ख) पेट की आग को शांत करने के लिए लोग क्या–क्या निम्न कार्य कर रहे हैं?– 2
(ग) पेट की आग को.................. की कृपादृष्टि ही शान्त करने में समर्थ है। – 1

5. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए– 2

ऑगन में ठुनक रहा है जिदयाया है
बालक तो हुई चॉद पै ललचाया है
दर्पण उसे दे के कह रही है मॉ
देख आईने में चॉद उतर आया है
(क) उक्त पंक्तियों में निहित भाव–सौंदर्य स्पष्ट कीजिए।
(ख) भाषा की दृष्टि से काव्यांश के सौन्दर्य पर प्रकाश डालिए।

6. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 2 X 2 = 4
(क) शीतल वाणी में आग के होने का क्या अभिप्राय है?
(ख) कैमरे में बंद अपाहिज नामक कविता में कवि ने परोक्ष रू॰ से अपाहिज से सहानुभूति दिखाई है। कवि के दृष्टिकोण में एक अपाहिज से किस प्रकार का व्यवहार करना चाहिए?
(ग) शोक ग्रस्त माहौल में हनुमान के अवतरण को करूण रस के बीच वीर रस का आविर्भाव क्यों कहा गया है?

7. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 2 X 3 = 6
(i)पैसे की व्यंग्य–शक्ति की सुनिए। वह दारूण है। मैं पैदल चल रहा हूॅ कि पास ही धूल उड़ाती चली गयी मोटर। वह क्या निकली मेरे कलेजे को कौंधती एक कठिन व्यंग्य की लीक ही आर–से–पार हो गई। जैसे किसी ने ऑखों में उॅगली देकर दिखा दिया हो कि देखें, उसका नाम है मोटर और तुम उससे वंचित हो।यह मुझे अपनी ऐसी विडम्बना मालूम हे कि बस पूछिए नहीं। मैं सोचने को हो आता हूं कि हाय, ये ही मॉ बाप रह रहे थे जिनके यहॉ मैं जन्म लेने को था। क्यों न मैं मोटर वालों के यहॉ हुआ। उस व्यंग्य में इतनी शक्ति है कि जरा में मुझे अपने सगों के प्रति कृतघ्न कर सकती है।
(क) बाजारवाद का मनुष्य पर क्या असर पड़ता है?
(ख) धूल उड़ाती मोटर के पास से निकलने पर लेखक की क्या प्रतिक्रिया होती है?
(ग) प्रस्तुत व्यंग्य में किस सामाजिक मानसिकता को इंगित किया गया है?
(ii)मेरा आदर्श–समाज स्वतंत्रता, समता, भ्रातृता पर आधारित होगा। क्या यह ठीक नहीं है, भ्रातृता अर्थात भाईचारे में किसी को क्या आपत्ति हो सकती है? किसी भी आदर्श समाज में गतिशीलता होनी चाहिए जिससे कोई भी वाछित परिवर्तन समाज के एक छोर से दूसरे तक संचारित हो सके। ऐसे समाज के बहुविधि हितों में सबका भाग होना चाहिए तथा सबकों उनकी रक्षा के प्रति सजग रहना चाहिए।

(क) इस गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम बताइए।
(ख) लेखक के अनुसार आदर्श समाज का आधार क्या है?
(ग) किसी समाज को कितना गतिशील होना चाहिए?

8. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 2 X 2= 4
(क) बाजारूपन से क्या तात्पर्य है? किस प्रकार के व्यक्ति बाजार को सार्थकता प्रदान करते हैं अथवा बाजार की सार्थकता किसमें हैं?
(ख) पानी दे गुड़धानी दे मेघों से पानी के साथ–साथ गुड़धानी की मॉग क्यों की जा रही है?
(ग) लेखक ने शिरीष को कालजयी अवधूत (सन्यासी) की तरह क्यों माना है?

9.निम्नलिखित में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 1 X 3=3
(क) यशोधर बाबू अपने बच्चों तथा पत्नी से परम्पराओं का पालन कराना चाहते थे।
सत्य/असत्य
(ख) 'अतीत में दवे पॉव' नामक पाठ के लेखक का नाम ....................है।
(ग) यशोधर बाबू व उनके अपने बच्चों का आपस में कैसा व्यवहार था? 'सिल्वर वैडिंग' कहानी के आधार पर बताइए।
(घ) मोहनजोदड़ो कैसा शहर माना जाता है?

10. स्वयं कविता रच लेने का आत्म–विश्वास लेखक के मन में कैसे पैदा हुआ? 4

**अथवा**

सिंधु सभ्यता साधनसम्पन्न थी पर उसमें भव्यता का आडम्बर नहीं था। कैसे?

**खण्ड– ब**

11.निम्नलिखित गद्यांश पठित्वा केवलं तीन् प्रश्नान् संस्कृत भाषायां पूर्णवाक्येन उत्तरत–
1X3=3

पण्डित गोविन्दवल्लभपन्तस्य उच्चशिक्षा, शिक्षायाः प्रसिद्ध केन्द्रे प्रयागनगरे सम्पन्ना अभवत्। प्रयागनगरे सः श्रेष्ठराजनीतिज्ञानां सम्पर्के आगच्छत्। ततः एव तस्य राजनीतिक जीवनम् आरब्धम्। विधिशिक्षायाः अध्ययनानन्ते सः अधिवक्तृरूपेण जीविकोपार्जनम् आरब्धवान्। समाजोत्थानाय विविधानि कार्याणि कुर्वन सः जीवनस्य उच्चशिखरं प्राप्तवान। आरम्भकाले तस्य राजनैतिकं क्षेत्रं उत्तराखण्डमेव आसीत परं शनैः–शनैः तस्य व्यक्तित्वस्य प्रभावः राष्ट्रव्यापी अभवत्।
(क) गोविन्दवल्लभ पन्तस्य उच्च शिक्षा.................. सम्पन्ना अभवत्।
(ख) प्रयागनगरे सः केषां सम्पर्के आगच्छत्?
(ग) विधिशिक्षायाः अध्ययनानन्ते सः केनोपायेन जीविकोपार्जनम् आरब्धवान्?
(घ) आरम्भकाले तस्य राजनैतिकं क्षेत्रं किम् आसीत्?

12. अधोलिखित श्लोकं पठित्वा कोडपि तीन प्रश्नौ संस्कृत भाषायां पूर्णवाक्येन उत्तरत–1X3=3

प्रारभ्यते न खलु विघ्नभयेन नीचैः
प्रारभ्य विघ्नविहिताः विरमन्ति मध्या।
विघ्नैः पुनः पुनरपि प्रतिहन्यमानाः
प्रारभ्य चोत्तमजनाः न परित्यजन्ति।।

क) नीचैः.................. कार्य न प्रारभ्यते।

(ख) प्रारभ्य विघ्नविहिताः के विरमन्ति?

(ग) विघ्नैः प्रतिहन्यमानाः उत्तमजनाः किं कुर्वन्ति?

13. अधोलिखित प्रश्नेभ्यः कोडपि चत्वारि प्रश्नान् संस्कृतभाषायां पूर्णवाक्येन उत्तरत–2X4=8

(क) बहवो अम्भोदाः कुत्र वसन्ति?

(ख) 1957 तमे वर्षे भारतरत्नं कस्मै प्रददतम्?

(ग) मण्डूकस्य साफल्यस्य कारणं किम् आसीत्?

(घ) अरूणाचलप्रदेशे रूपग्रामे कौ निवसतः स्म?

(ड.) वार्षिकोत्सवे के कार्यक्रमाः भविष्यन्ति?

(च) गान्धारी कस्य माता आसीत्?

14. निम्नांकित शब्दसूचीतः तीन शब्दान् चित्वा तेषां वाक्यप्रयोग संस्कृतभाषायां कुरूत (निम्नांकित शब्दों में से तीन शब्दों को चुनकर उनका संस्कृत में वाक्य–प्रयोग कीजिए)– 1X3=3

शब्द सूची– बालकः, क्षमया, यस्य,भाषसे, कदाचित्, अग्रजः शीघ्रम्, प्रतिदिनम्।

15.निम्नलिखित प्रश्नखण्डों के सही उत्तर–विकल्प अपनी उत्तरपुस्तिका में लिखिए– 1X3=3

(क)चक्रपाणि में कौन सा समास है?

(i) बहुब्रीहि समास
(ii) अव्ययीभाव समास
(iii) द्विगु समास
(iv) द्वंद समास

(ख)को और के लिए किस कारक का चिन्ह है?

(i) कर्म
(ii) सम्प्रदान
(iii) सम्बन्ध
(iv) कर्ता

(ग) निरर्थक का सही सन्धि विच्छेद है।

(i) निर+अर्थक

(ii) निः+अर्थक

(iii) निरः+अर्थक

(iv) निरा+अर्थक

16. अस्मिन् प्रश्नपत्रे आगतं श्लोकं परित्यज्य कमंपि एकं कण्ठस्थं श्लोकं लिखित्वा हिन्दी भाषायां तस्यानुवादं कुरूत। 2 X 2 = 4

(इस प्रश्नपत्र में आए हुए श्लोक को छोड़कर कोई एक कण्ठस्थ श्लोक लिखिए और उसका हिन्दी अनुवाद कीजिए)